# हिंदी यवकभारती

**समय : ३ घंटे** | **अक्तुबर - २००८** | **कुल अंक : ८०**

**प्रश्न १. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग २०० से २५० शब्दों में निबंध लिखिए :** (१०)

(१) मेरे सपनों का भारत।
(२) मेरा गाँव।
(३) पार्यावरण की समस्या।
(४) वृक्ष की आत्मकथा।
(५) यदि पुस्तकें न होतीं।

**प्रश्न २. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग १०० शब्दों में लिखिए :** (६)

(१) अपनी पुत्री के विवाह के संबंध में सरदार शिवसिंह की आशाएँ किस प्रकार मिट्टी में मिल गईं ?
(२) कुक्कुट-गृह के उद्घाटन समारोह का अपने शब्दों में वर्णन कीजिए।
(३) 'हत्यारा' कहानी के ड्राइवर का परिचय दीजिए।

**प्रश्न ३. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक लगभग ६० शब्दों में लिखिए :** (८)

(१) लेखक प्रभाकर माचवे के अनुसार छाते से क्या लाभ हैं ?
(२) टोडरमलपुर गाँव में हिंदू-सिख छुपते-छुपते कहाँ जमा हो रहे थे ?
(३) विपिन, निरुपमा की मदद क्यों नहीं कर सका ?
(४) वसुधा को स्कूल जाना क्यों अच्छा नहीं लगता था ?

**प्रश्न ४. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग ८० शब्दों में लिखिए :** (५)

(१) संत कबीर ने प्रेम, निंदा, ठगी के संबंध में क्या-क्या कहा है ?
(२) गिरिधर गोपाल को पाने के लिए मीराँ ने क्या-क्या किया ?
(३) कवि मैथिलीशरण गुप्त ने एकता स्थापित करने के लिए क्या उपाय बतलाएँ हैं ?

**प्रश्न ५. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक उत्तर लगभग ५० शब्दों में हो :** (९)

(१) प्रभु की समदर्शिता स्पष्ट करने के लिए सूरदास ने कौन से दृष्टांत दिए हैं ?
(२) रहीम ने आँसू, मन की व्यथा तथा विपदा के संबंध में क्या कहा है ?
(३) कवि के अनुसार भू पर स्वर्ग कैसे उत्पन्न होगा ?
(४) 'भोर हो गई' कविता में कवि ने समय की महत्ता किस प्रकार प्रकट की है ?
(५) दाँत की तुलना में जबान कैसे घाव करती है ?

प्रश्न ६. (च) निम्नलिखित अवतरणों का संदर्भ अर्थ सहित स्पष्ट कीजिए : (४)

"सेठजी के द्वार पर दान था और भीतर व्यापार।"

अथवा

"लेकिन मूर्ख, यह उसके पढने की उम्र है, यहाँ पढेगी कैसे ?"

(छ) निम्नलिखित पद्यांश का संदर्भसहित अर्थ स्पष्ट कीजिए : (४)

जब मैं था तब हरि नहीं, जब हरि हैं मैं नाहिं।
प्रेम गली अति सांकरी, या में दो न समाहिं।।

अथवा

फूलों को हमने अमृत-दृष्टि से देखा
बन गए सुरक्षा-हित हम लक्ष्मण-रेखा
कपटी माली के हाथ न उन तक पहुँच सकें
हर आने वाले क्षण का रक्खा लेखा।

(ज) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक 'एक' वाक्य में लिखिए : (४)

(१) चीफ इंजीनियर ने मुआयने की किताब में क्या लिखा ?

(२) 'महादान' कहानी में अकाल के कारण आदमी किस प्रकार मर रहे थे ?

(३) आनंद किस शहर में प्रोफेसर हैं ?

(४) लेखिका अमृता प्रीतम के तीन बच्चे कौनसे हैं ?

(५) खून में लथपथ पडी हुई लाश किसकी थी ?

प्रश्न ७. (क) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग ६० शब्दों में लिखिए : (४)

(१) धीसा ने लेखिका को कौनसी गुरुदक्षिणा दी ?

(२) दोनों हाथों और टाँगों से पंगु खितीन बाबू ने कैसी दावत दी ?

(३) महादेवी जी किस-किस को राखी बाँधती थीं ?

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर टिप्पणियाँ लिखिए। प्रत्येक उत्तर लगभग ५० शब्दों में हो : (६)

(१) देव की देशभक्ति।

(२) शांति-निकेतन में गाँधी और रवींद्रनाथ।

(३) रामदास की भूलने की आदत।

(४) राष्ट्रभाषा के संबंध में महादेवी जी के विचार।

प्रश्न ८. (अ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों के रचना के अनुसार भेद पहचान कर लिखिए : (२)

(१) सेठ जी को भगवान की कृपा पर भरोसा था।

(२) यह स्थान खड्डे में है और अब मुझे चढाई करने पड रही है।

(३) बुजुर्गों की आँखे ही इतनी पैनी थीं कि हमें कुछ करते नहीं बना।

(आ) कोष्ठक की सूचना के अनुसार किन्हीं दो वाक्यों का काल-परिवर्तन करके वाक्य फिर से लिखिए : (२)

(१) जापान और जर्मनी से खरीद बंद हो जाती है? (*सामान्य भूतकाल में बदलिए।*)

(२) ये मजे से बिस्तर पर सोते हैं। (*अपूर्ण वर्तमानकाल में बदलिए।*)

(३) सारे दिन पढाई में लगी रहती हूँ। (*सामान्य भविष्यत्काल में बदलिए।*)

(इ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : (२)

(१) हाथ पर हाथ धरे बैठना। (२) पाप मिट जाना।

(ई) (क) **निम्नलिखित में से किसी एक शब्द का उचित प्रत्यय लगाकर भाववाचक संज्ञा रूप लिखिए :** (१)

(१) धन (२) सवार

(ख) **निम्नलिखित में से किसी एक शब्द का विशेषण रूप लिखिए :** (१)

(१) कायरता (२) जिम्मेदारी

(उ) **निम्नलिखित में से कोई दो वाक्य शुद्ध करके लिखिए : (२)**

(१) शाहनी दीन-रात दर्द से कराहती रहती थी।

(२) लोग कह रहे थे कि मेरा माँ मर गई है?

(३) सभा समाप्त हुआ।

**प्रश्न ९. निम्नलिखित परिच्छेद पढकर उसपर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए :** (५)

"आज से कोई सवा दो हजार साल पहले से ही हमारे देश में पहाड काटकर मंदिर बनाने की परिपाटी चल पडी थी। अजंता की गुफाएँ पहाड काटकर बनाई जाने वाली देश की सबसे प्राचीन गुफाओं में से हैं, जैसे एलोरा और एलिफंटा की सबसे पिछले काल की। देश की गुफओं या गुफा-मंदिरों में सबसे विख्यात अजंता के हैं, जिनकी दीवारों और छतों पर लिखे चित्र दुनिया के लिए नमूने बन गए हैं। चीन के तुन-हुआँग और लंका के सिमिरिया की पहाडी दीवारों पर उसी नमूने के चित्र नकल कर लिए गए थे। और जब अजंता के चित्रों ने विदेशों को इस प्रकार अपने प्रभाव से निहाल किया तब भला अपने देश के नगर-देहात उनके प्रभाव से कैसे निहाल न होते ? बाघ और चित्तनवसल की गुफाएँ उसी अजंता की परंपरा में हैं जिनकी दीवारों पर जैसे प्रेम और दया की एक दुनिया ही सिरज गई है।"

प्रश्न : (१) पहाड काटकर मंदिर बनाने की परिपाटी भारत में कब आरंभ हुई थी ? (२)

(२) अजंता की परंपरा में कौन-सी गुफाएँ हैं ? (२)

(३) उपर्युक्त परिच्छेद के लिए एक उचित शीर्षक दीजिए। (१)

**अथवा**

उपर्युक्त परिच्छेद का एक तिहाई (१/३) शब्दों में सार लिखिए तथा उचित शीर्षक दीजिए।

**प्रश्न १०. निम्नलिखित पत्र का प्रारुप तैयार कीजिए।** (५)

महात्मा ज्योतिबा फुले महाविद्यालय, साई नगर, बल्लारपुर के प्राचार्य को हिंदी अध्यापक पद पर नौकरी पाने हेतु सुशील/सुशीला कपूर, हनुमान नगर, चंद्रपुर से आवेदन पत्र लिखता/लिखती है।

**अथवा**

विशाल/वैशाली पाटील, शिवनेरी नगर, जलगांव से व्यवस्थापक, सोनाली औषधि भंडार, सावरकर चौक, नासिक को पत्र लिखकर औषधियाँ वी.पी. पी. द्वारा मँगवाता/मँगवाती हैं !

❖ ❖ ❖